<u>केंद्रीय कर निरीक्षकों की विभागीय परीक्षा</u>

**DEPARTMENTAL EXAMINATION OF INSPECTORS OF CENTRAL TAX**

प्रश्न पत्र - पंचम (हिंदी) **PAPER – V (HINDI)**

दिनांक: 24.09.2020 पूर्णांक:75

समय: 10.00 पू. से 12.00 अ. (2 घंटा) उत्तीर्णांक:37

निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
2. परीक्षा के दौरान मोबाईल / स्मार्ट फोन के प्रयोग पूर्णतयः वर्जित है।

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1x5=5)**

**'भ्रष्टाचार' शब्द 'भ्रष्ट' और 'आचार' शब्दों के मेल से बना है, जिसका अर्थ है - नीतियों व मूल्यों से रहित आचरण | जब कोई व्यक्ति अपने पद, सम्मान कर्तव्य आदि की गरिमाओं का ध्यान न रखकर गैरकानूनी ढंग से उसका इस्तेमाल अपने व अपने परिचितों के लाभ के लिए करता है, तब उसका यह आचरण 'भ्रष्टाचार' के अंतर्गत आता है | भ्रष्टाचार के कारण समाज की व्यवस्था चरमराने लगती है और योग्यता के स्थान पर पैसा, सामाजिक प्रतिष्ठा आदि का रौब चलने लगता है | इसी कारण अयोग्य व्यक्ति पद प्राप्त कर लेते हैं और योग्य व्यक्ति पीछे रह जाते है | ऐसा होने से समाज में अराजकता, विद्रोह आदि की स्थिति आ जाती है | दुर्भाग्य की बात है कि कभी अपनी मर्यादित एवं पूजित संस्कृति व नैतिक मूल्यों के कारण चर्चित देश आज भ्रष्टाचार व घोटालों के कारण सुर्खियों में है | रिश्वतबाजी, कालाबाज़ारी मिलावटखोरी, तस्करी, आतंकवाद, महंगाई, मैच-फिक्सिंग, परीक्षाओं के प्रश्नपत्र आउट करना, आदि कहने भर को अलग -अलग है किन्तु जड़ में जाने पर यही ज्ञात होता है कि यह सब कहीं न कहीं भ्रष्टचार के ही अंग है | धार्मिक, आर्थिक, खेल, प्रौद्योगिकी, उद्योग, शिक्षा आदि जीवन का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ इस भ्रष्टचार रुपी राक्षक के पैर न पड़े हो | आज सरकार गाँव के विकास के लिय जो भी योजनाएं तैयार करती है उन योजनाओं का प्रारूप इतना सही होता है कि अगर उनको सही ढंग से अमल में लाया जाय तो गाँव में खुशहाली आते देर नहीं लगेगी, किन्तु इस भ्रष्टाचार के कारण योजनाओं में लगाए जा रहे हैं पैसे का एक बड़ा भाग लाभार्थियों तक न पहुँच कर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है | संक्षेप में कहें तो भारत के विकास की सबसे बड़ी बाधा यह भ्रष्टाचार ही है इसलिय देश के सच्चे विकास के लिए इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड देना चाहिए |**

**<u>प्रश्न:-</u>**

**(i) 'भ्रष्टाचार' को अपने शब्दों में परिभाषित कीजिए |**

**(ii) 'भ्रष्टाचार' का समाज पर क्या नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ?**

**(iii) गद्यांश के आधार पर लिखिए कि गद्यांश में दुर्भाग्य का विषय किसे कहा गया ?**

**(iv) 'बदनसीबी' शब्द से उपसर्ग –प्रत्यय अलग अलग कीजिए |**

**(v) 'खुशहाली' व 'दुर्भाग्य' शब्दों के विलोम लिखिए |**

**प्रश्न 2- निम्नलिखित गदयांश को अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करें- (10)**

**Literature is the foundation of life. It places an emphasis on many topics from human tragedies to tales of the ever-popular search for love. While it is physically written in words, these words come alive in the mind, and its ability to comprehend the complexity or simplicity of the text. Literature enables people to see through the lenses of others, and sometimes even inanimate objects; therefore, it becomes a looking glass into the world as others view it. It is a journey that is inscribed in pages, and powered by the imagination of the reader. Ultimately, literature has provided a gateway to teach the readers about life experiences from even the saddest stories to the most joyful ones that will touch their hearts.**

**प्रश्न 3-** निम्नलिखित वाक्यों / शब्दों का अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद करें- (2x10=20)

(i) I have satisfied myself that the employee is not at fault.
(ii) The office building is in good keeping.
(iii) He is the kingpin of the whole team.
(iv) Incoherent
(v) Empanelled officer
(vi) Ancillary Industries
(vii) Habitual Indebtness
(viii) As for as permissible
(ix) As may be considered expedient
(x) Required information is furnished herewith

**प्रश्न 4-** निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद करें- (2x10=20)

(i) हस्तलेखा विशेषज्ञों ने इस पत्र को प्रामाणिक ठहराया है|
(ii) इस सम्बन्ध में किसी भी तरह का पारितोषण अयोग्यता का कारण बन सकता है |
(iii) बाढ़ की गंभीर समस्या के कारण अगम क्षेत्रों में रहत सामग्री नहीं पहुँचाईं जा सकी |
(iv) भारत को बुनियादे ढाँचे के क्षेत्र में भारी निवेश की ज़रूरत है |
(v) विभाग की स्वीकृत संख्या के अनुसार निरीक्षको के दस पद रिक्त है |
(vi) कार्यालय में कोई कर्मचारी किसी प्रकार की अश्लील भाव -अंगिमा नहीं दर्शा सकता |
(vii) कार्यालय के रखरखाव के लिय अलग से अनुदान संस्वीकृत किया जाता है |
(viii) उसका संस्कृत भाषा पर अच्छा अधिकार है|
(ix) श्रम कानून का पालन न करने के कारण कंपनी का नाम काली सूची में डाल दिया गया है |
(x) सरकार इस क्षेत्र को रहने योग्य बनाने की योजना बना रही है |

**प्रश्न 5-** आपके क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के बहाने आवश्यकता से अधिक पेड़ काटे गए हैं | इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए वन एवं पर्यावरण विभाग को लगभग 100-150 शब्दों में पत्र लिखिए | (5)

**प्रश्न 6-** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x10=10)

(i) संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया ?
(ii) केंद्रीय हिंदी समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
(iii) संसदीय राजभाषा समिति का गठन राजभाषा अधिनियम कि किस धारा के अधीन हुआ ?
(iv) राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) से क्या अभिप्राय है ?
(v) राजभाषा नियम 1976 के किस उपनियम के अधीन हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जाने होते हैं?
(vi) भाषाई आधार पर सम्पूर्ण भारतवर्ष को कितने भागों में बाँटा गया है?
(vii) राजभाषा अधिनियम 1963 में प्रथम संशोधन किस वर्ष में किया गया ?
(viii) राजभाषा अधिनियम एवं नियमों के उपबंधों के समुचित अनुपालन का दायित्व किस पर होता है ?
(ix) भारतीय संविधान में राजभाषा सम्बन्धी संवैधानिक उपबंध किस भाग में उपलब्ध है?
(x) भारत सरकार की राजभाषा नीति का मुख्य आधार क्या है?

**प्रश्न 7-** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए | (1x5=5)

(i) श्री कृष्ण के अनेकों नाम है |
(ii) एक फूल की माला लाओ|
(iii) मैं सोमवार के दिन आपके गाँव आऊँगा |
(iv) घूस लेने से मना करना ऐसे दृष्टांत के उदाहरण कम मिलते हैं |
(v) मुगलकालीन समय में लोग दुखी थे |

*****